मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या - 2779
दिनांक 12 अगस्त, 2026 के लिए उत्तर

डेयरी क्षेत्र का आधुनिकीकरण एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि

2779. श्री प्रदीप कुमार वर्माः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार डेयरी क्षेत्र के आधुनिकीकरण और दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने हेतु विभिन्न योजनाएं तथा कार्यक्रम कार्यान्वित कर रही है;

(ख) यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में दुग्ध उत्पादन और प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता में हुई वृद्धि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने दुग्ध की खरीद, शीत-श्रृंखला, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन हेतु अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए विशेष पहलें की हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) से (घ) भारत सरकार (GoI) का पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD), डेयरी क्षेत्र को सुदृढ़ करने तथा आधुनिक बनाने में राज्य सरकारों के प्रयासों में सहायता करने के लिए निम्नलिखित योजनाएं कार्यान्वित कर रहा है:

I. **राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (NPDD):** NPDD के तहत, देश में संगठित दूध खरीद की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए दूध खरीद, शीतलन और गुणवत्ता आश्वासन अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए 50% अनुदान सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा, केवल पर्वतीय क्षेत्रों और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (NER) में आधुनिक दूध खरीद, डेयरी प्रसंस्करण, मूल्य वर्धन और कोल्ड चेन अवसंरचना की स्थापना के लिए 75% तथा गुणवत्ता आश्वासन अवसरंचना की स्थापना के लिए 70% केंद्रीय अनुदान सहायता प्रदान की जाती है।

II. **पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (AHIDF):**. AHIDF के तहत सहकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण, मूल्य वर्धन और कोल्ड चेन अवसंरचना परियोजनाओं की स्थापना के लिए पात्र लाभार्थियों को 3% ब्याज सबवेंशन प्रदान किया जाता है।

जून 2026 तक की स्थिति के अनुसार, राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (NPDD) के तहत वित्तीय सहायता से ग्राम स्तर पर 36,611 नई डेयरी सहकारी समितियां (DCS) संगठित की गई हैं और 34,557 DCS को सुदृढ़ किया गया है। इसके अलावा, लगभग 168 लाख लीटर प्रतिदिन (LLPD) दूध शीतलन क्षमता सृजित की गई है और 76,748 गुणवत्ता परीक्षण उपकरण वितरित किए गए हैं। पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (AHIDF) के तहत, सहकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में कुल 418 LLPD दूध प्रसंस्करण और मूल्य वर्धन क्षमता वाली परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं।

वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक देश में दूध उत्पादन और प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	**दूध उत्पादन (मिलियन मीट्रिक टन)/वर्ष**	**प्रति व्यक्ति उपलब्धता (ग्राम/दिन)**
2020-21	209.96	427.00
2021-22	222.07	446.00
2022-23	230.58	459.00
2023-24	239.30	471.00
2024-25	247.87	485.00

चल रही योजनाओं का उद्देश्य डेयरी क्षेत्र में दूध संग्रह, शीत भंडारण, प्रसंस्करण और मूल्य वर्धन के लिए अवसंरचना को सुदृढ़ करना तथा उसे आधुनिक बनाना है। ये प्रयास दूध उत्पादकों के लिए एक संगठित बाजार प्रदान करते हैं और उनकी आय को बढ़ाने में मदद करते हैं।

*****